तापमान
अधिकतम 40.2 डिग्री
न्यूनतम 29.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, सोमवार 18 मई 2026

12 सौभाग्यवती महिलाओं ने की वटवृक्ष की पूजा अर्चना



12 नपाध्यक्ष ने बोर खनन कार्य का किया भूमिपूजन





## खबर संक्षेप

### शादी में गए व्यक्ति की बाइक चोरी

**महासमुंद।** शादी में फोटोग्राफी वीडियोग्राफी करने गए युवक की बाईक चोरी हो रही। जिले के बसना थाना क्षेत्र के ग्राम पढ़पटनी पहुंचे युवक की शिकायत पर थाने में अज्ञात के खिलाफ बाईक चोरी का अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को ग्राम पटपरपाली के पूरन साहू ने बताया कि वह और उसका भाई 10 मई को अपनी बाइक सीजी 06 एचई 4966 से ग्राम लक्ष्मीपुर पिथौरा से शादी में वीडियो एवं फोटोग्राफी करने ग्राम गढ़पटनी गए थे। जहां उन्होंने अपनी बाइक महेंद्र पटेल के घर के सामने खड़ी की थी। रात करीब 02.20 बजे अपने आकर देखा तो उक्त जगह पर बाइक नहीं थी। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### कॉलेज छात्र के साथ मारपीट

**महासमुंद।** मारपीट के मामले में मेडिकल कॉलेज खरोरा के छात्र और उसके साथियों के साथ कोतवाली थाना में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी अविनाश पाली ने बताया कि वह शास चिकित्सा महाविद्यालय महासमुंद खरोरा अस्पताल में एमबीबीएस का छात्र है। 11 मई की शाम 04.30 बजे मेरे साथ अध्ययनरत छात्र जेएएस आदित्य झा ने फोन कर शहीद स्मारक खरोरा के पास बुलाया। जब वह अपने साथी आदर्श मिश्रा, आशीष रात्रे और अक्षित सरकार के साथ पहुंचा तो वहां जेएएस आदित्य झा, संदर्भ पटेल, धनंजय कटरावत व उसके अन्य साथी मौजूद थे, जिन्होंने एक राय होकर मुझे एवं साथी दोस्त को गाली व जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का एवं लात घूंसा मारपीट कर चोट पहुंचाया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### कत्लखाना ले जाए जा रहे बछड़ों को छुड़ाया गया

**महासमुंद।** बछड़ों को क्रूरतापूर्वक हांकते हुए ओडिशा के कत्लखाना ले जाने वालों के विरूद्ध सांकरा थाने में कार्रवाई की गई है। सांकरा पुलिस को प्रार्थी दीपक पुरोहित ने बताया कि 4 व्यक्तियों द्वारा 54 नग बछड़ों को क्रूरतापूर्वक मारते हांकते हुए ग्राम रिखादादर ओर से लारीपुर के रास्ते होते हुए ओडिशा के कत्लखाना ले जाया जा रहा है। मौके पर पहुंचने से दो तस्कर भाग निकले और दो व्यक्ति पकड़े गए, जिन्होंने अपने नाम आनंद पटेल पिता कुंजराम पटेल (30 साल) एवं संतोष सिदार पिता बिंझहाल सिदार (28 साल) दोनों ग्राम गौरिया थाना सांकरा, एवं भागने वाले व्यक्तियों का नाम पता पूछने पर गोविंद मंडल एवं मंशा यादव ग्राम गौरिया थाना सांकरा होना बताए। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 4, 6, 10 छत्तीसगढ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 के तहत कार्रवाई की।

# खतरा उठाकर खेतों के बोर से पानी लाने मजबूर हैं महिलाएं

## ग्रामीण बोले मांग पर नहीं दिया जा रहा ध्यान, बोर खनन नहीं हुआ तो करेंगे आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खल्लारी

प्रदेश के प्रसिद्ध दैवीय माता तीर्थ स्थल ग्राम पंचायत खल्लारी के कुल 16 वार्डों में से 4 वार्ड राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 353 में बसे हैं। सड़क किनारे बसे इन चारों वार्डों में से खल्लारी माता थापना मोहल्ला में पेयजल की भारी समस्या है। इस मोहल्ले की ग्रामीण महिला रेलवे पटरी पार कर के खेतों में लगे बोरों (ट्यूबवेल) से पानी लाने विवश हैं। यहां के मोहल्ले वासी बोर खनन के साथ सौर ऊर्जा की व्यवस्था करने की मांग को लेकर स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों से लेकर शासन-प्रशासन तक गुहार लगा-लगाकर थक गए हैं। बता दें कि पिछले दिनों आंवराडबरी में लगे सुशासन तिहार में एक बार फिर मोहल्लेवासियों सहित स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों ने भी पानी की उचित व्यवस्था के लिए आवेदन किया। यहां पेयजल की समस्या को लेकर मोहल्ले की महिलाओं ने कहा कि यदि इस बार पेयजल को लेकर खल्लारी माता थापना मोहल्ला में बोर खनन नहीं हुआ तो शीघ्र आंदोलन की रणनीति बना कर कलेक्ट्रेट कार्यालय जायेंगे। मोहल्लेवासी करीब 20 साल से पेयजल के लिए सौर ऊर्जा के साथ बोर खनन की मांग कर रहे हैं। मोहल्ले के सुखी यादव, आरती चंद्राकर, दयाबाई यादव, डोमेश्वरी साहू सहित अन्य लोगों ने पेयजल के लिए शीघ्र बोर खनन और मुख्य मार्ग में सड़क किनारे पाईप लाईन विस्तार की मांग की है।

### स्ट्रीट लाइट की भी हो रही है मांग

ग्राम पंचायत खल्लारी में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 353 स्थित मुख्य मार्ग के डिवाईडर में करीब पांच जगहों में स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग भी स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार की जा रही है। वार्ड क्रमांक 13, 14, 15, 16 यहां मुख्य मार्ग में सड़क किनारे बसा हुई है। अब तक यह भी मांग पूरा नहीं हो पाई है।



### मांग पूरी नहीं हुई तो होगा आंदोलन



ग्राम पंचायत खल्लारी के उपसरपंच तारेश साहू ने बताया कि इन मांगों कोलेकर इस मांग को लेकर मंगलवार 2 सितंबर 2025 को कलेक्टर जनदर्शन में ज्ञापन भी सौंपा चुका हूं। साथ ही विगत दिनों आंवराडबरी में आयोजित सुशासन तिहार में भी इसके लिए आवेदन दिया जा चुका है।

## समस्या : पर्याप्त ईंधन नहीं मिलने से किसानों को रही परेशानी

# डीजल संकट से थमे हार्वेस्टर खेतों में अधूरे कटे पड़े धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में पेट्रोल-डीजल की मारामारी के

- फसल नहीं कटने से किसानों की माथे में चिंता की लकीरें

कारण शहर से लेकर ग्रामीण जीवन में भी इसका प्रभाव नजर आने लगा है। सड़कों पर वाहनों की संख्या कम होने के साथ ग्रीष्मकालीन फसल के पकने के बाद इसकी कटाई के लिए अन्नदाता परेशान हो रहे हैं।

पंपों से सीमित मात्रा में मिल रहे ईंधन के कारण खेतों में दौड़ रही हार्वेस्टर मशीनें थम गई हैं। जिससे किसानों के सामने अपनी पकी-पकाई रबी धान की फसल को बचाने के लिए चिंतित नजर आने लगा है। लगातार बदल रहे मौसम और भीषण गर्मी के साथ आंधी अंधड़ और तूफान से पकी हुई फसल को बचाने के लिए चिंतित है। बता दें कि इक्का-दुक्का पंपों पर थोड़ा बहुत डीजल बचा भी है, वहां टैंक फुल कराने के लिए लोगों की भारी भीड़ और होड़ मची हुई है।

जिले में इन दिनों रबी सीजन की धान कटाई का काम जोरों पर है। मजदूर न मिलने के कारण ज्यादातर किसान हार्वेस्टर मशीनों के भरोसे ही खेती कर रहे हैं। लेकिन, इस अचानक आए डीजल संकट ने पूरी व्यवस्था को प्रभावित कर दिया है। किसानों ने बताया कि सुबह तो मशीनें खेतों में सामान्य रूप से काम कर रही थीं, लेकिन दोपहर होते-होते डीजल खत्म हो गया। इसके बाद कई हार्वेस्टर बीच खेत में ही खड़ी हो गईं। मजबूरी में किसानों और मशीन मालिकों को जैसे-तैसे महंगे दामों या दूर-दराज के पंपों से डीजल की व्यवस्था कर मशीनों को सुरक्षित बाहर निकालने की स्थिति बनी।



### किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें

स्थानीय किसानों का कहना है कि फसल कटाई की शुरुआत ठीक-ठाक हुई थी, लेकिन डीजल की किल्लत ने उनकी सारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। अब सबसे बड़ी चिंता इस बात की है कि खेतों में खड़ी बाकी फसल की कटाई समय पर कैसे पूरी होगी? डीजल की कमी से हार्वेस्टर मालिकों ने भी हाथ खड़े कर दिए हैं।

### मौसम की बेरुखी और दोहरी मार

भीषण गर्मी के कारण इस समय ग्रामीण इलाकों में पहले से ही खेतिहर मजदूरों की भारी कमी बनी हुई है। ऐसे में मशीनों का बंद होना किसानों के लिए दोहरी मार साबित हो रहा है। किसानों की चिंता इसलिए भी दोगुनी हो गई है क्योंकि मौसम का कोई भरोसा नहीं है। आसमान में छाते बादलों को देखकर किसानों की धड़कनें बढ़ी हुई हैं। किसानों की मानें तो यदि इस संकट के बीच अचानक तेज हवा के साथ बारिश हो गई, तो खेतों में खड़ी और कटी हुई दोनों ही फसलें पूरी तरह बर्बाद हो जाएंगी। इससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा।

# 450 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



### आरोपी गिरफ्तार, कुल 1.25 लाख का माल जब्त

पुलिस ने मौके से वाहन चालक को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम फागुलाल थुरिया उम्र 26 वर्ष बताया। वह शांति नगर कनकबीरा जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ का निवासी है। पुलिस ने इस मामले में जब्त की हैं, अवैध महुआ शराब 450 लीटर कीमत 90,000 रुपए, परिवहन में प्रयुक्त मारुति कार कीमत 35,000 रुपए, कुल जब्त संपत्तिः 1,25,000 रुपए जब्त किया गया हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला पुलिस ने अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। सरायपाली थाना पुलिस ने घेराबंदी कर एक कार से भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब जब्त की है। इस कार्रवाई में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह पूरी कार्रवाई 17 मई को की गई। पुलिस को मुखबिर से सटीक जानकारी मिली थी कि एक व्यक्ति मारुति वैन में भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब लेकर सारंगढ़ की तरफ से सरायपाली की ओर आ रहा है। सूचना मिलते ही सरायपाली पुलिस ने तत्परता दिखाई और सारंगढ़ रोड पर स्थित बिजली ऑफिस (132 केवी) दर्राभांठा के पास नाकाबंदी कर दी। कुछ ही समय बाद पुलिस को हुलिये से मिलती-जुलती एक पुरानी मारुति कार नंबर सीजी 04 एच एच 3326 आती हुई दिखाई दी। पुलिस टीम ने संदेह के आधार पर गाड़ी को रुकवाया। पुलिस ने जब वाहन की तलाशी ली, तो गाड़ी के भीतर प्लास्टिक के 15 ड्रम मिले। इन ड्रमों में कुल 450 लीटर अवैध महुआ शराब भरी हुई थी। बाजार में इस जब्त शराब की कुल कीमत लगभग 90,000 रुपए आंकी गई है। पुलिस पूछताछ में पता चला कि आरोपी इस शराब को सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले से लेकर आ रहा था और इसे सरायपाली के स्थानीय इलाकों में बेचने की योजना थी। पुलिस को धोखा देने के लिए आरोपी इस पुरानी कार का इस्तेमाल कर रहा था।

### आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई

सरायपाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी को 17 मई को सुबह 11:55 बजे आधिकारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया, जिसके बाद उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। महासमुंद पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध नशे के कारोबार के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### डीजल-पेट्रोल की किल्लत को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

**सरायपाली।** नगर सहित अंचल में डीजल एवं पेट्रोल की किल्लत को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा पेट्रोल पंप के सामने प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आम जनता को हो रही परेशानियों पर नाराजगी जताई। विधायक चातुरी नंद ने कहा कि क्षेत्र में लगातार डीजल और पेट्रोल की कमी के कारण किसान, वाहन चालक, व्यापारी एवं आम नागरिक परेशान हो रहे हैं। लोगों को घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ रहा है, जिससे दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से जल्द व्यवस्था सुधारने की मांग की। वहीं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अमृत पटेल ने कहा कि सरायपाली क्षेत्र में पेट्रोल और डीजल की भारी किल्लत बनी हुई है। ईंधन संकट के कारण आम लोगों के साथ-साथ किसानों एवं व्यापारियों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इधर, सोहनलाल मोतीलाल पेट्रोल पंप संचालक ने बताया कि वर्तमान में डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं है, जिसके चलते लोगों को परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि आपूर्ति सामान्य होने के बाद स्थिति में सुधार आने की संभावना है। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मौके पर पुलिस एवं प्रशासन की टीम भी मौजूद रही। ताकि, स्थिति शांतिपूर्ण बनी रहे। सरायपाली में ईंधन संकट को लेकर किया गया यह प्रदर्शन पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा। उक्त प्रदर्शन में विधायक चातुरी नंद, पूर्व नपाध्यक्ष अमृत पटेल, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कमल अग्रवाल, पूर्व शहर अध्यक्ष रामनारायण आदित्य, नरेंद्र साहू, संतलाल बारिक, तेजराम पटेल, फिरोज खान, कांग्रेस युवा नेता राहुल बग्गा, पंकज एवं भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# स्क्रैप यार्ड में छापा मारकर पुलिस ने जब्त किया 10 टन अवैध कबाड़

**महासमुंद।** जिले की पुलिस ने बसना के ग्राम सिरको स्थित एक स्क्रैप यार्ड में छापा मारकर करीब 10 टन अवैध कबाड़ को सील किया है। पुलिस ने बताया कि जिले में अवैध गतिविधियों, संदिग्ध संपत्तियों के भंडारण और कबाड़ के अवैध कारोबार पर प्रभावी कार्रवाई करने हेतु निर्देश दिए गए हैं। जिसके परिपालन में जिला पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग व मुखबिर सूचनाओं पर त्वरित वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 16 मई थाना बसना पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग 53 पर ग्राम सिरको स्थित एक कबाड़/स्क्रैप यार्ड में छापा मारा। जहां यार्ड संचालक तनवीर दानी की उपस्थिति में विधिवत तलाशी ली गई, जिसमें भारी मात्रा में लोहा स्क्रैप (जिसमें पुरानी मशीनें, पंप, साइकिल, मोटरसाइकिल पार्ट्स लोहे के एंगल, पाइप, पुराने टीन, पुराना कूलर, पंखा एवं अन्य कबाड़ सामग्री शामिल हैं) बरामद किया गया। बरामदशुदा सामग्री का कुल अनुमानित वजन करीब 10 टन (10,000 किलोग्राम) पाया गया। मौके पर यार्ड संचालक को बरामद लोहे व स्क्रैप के संबंध में वैध स्वामित्व, बिल या व्यापार अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) प्रस्तुत करने हेतु नोटिस दिया गया किंतु यार्ड संचालक द्वारा कोई भी वैध दस्तावेज या संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। दस्तावेज के अभाव में उक्त भारी मात्रा में संग्रहित लोहे को संदिग्ध संपत्ति होने की आशंका पर धारा 106 बीएनएसएस के तहत जब्त किया गया।



### देशी प्लेन शराब जब्त, एक युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** कोतवाली पुलिस ने गायत्री शक्तिपीठ मंदिर के पास एक युवक के कब्जे से देशी प्लेन शराब बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी सैय्यद अंसारी उर्फ निसार पिता सैय्यद मुबारक उर्फ अनवर (32 साल) वार्ड नं 08 नयापारा महासमुंद के कब्जे से 40 पौवा अवैध देशी प्लेन शेरा शराब कीमत 3200 रुपए और एक बाइक को बरामद किया है।




## प्रशासन और पशु विभाग मौन, न छांव की व्यवस्था और न ही पीने के लिए पानी

# भीषण गर्मी में तपती सड़कों पर बैठने को मजबूर मवेशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले सहित आसपास के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में इन दिनों भीषण गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। तेज धूप और गर्म हवाओं (लू) ने जहां आम लोगों का जीना मुहाल कर दिया है, वहीं बेजुबान पशुओं की स्थिति और भी ज्यादा दयनीय हो गई है। जिले के प्रमुख चौक-चौराहों, बाजार क्षेत्रों और मुख्य सड़कों के किनारे सैकड़ों गौमाता और अन्य मवेशी घंटों चिलचिलाती धूप में बैठे नजर आ रहे हैं। इस भीषण गर्मी में इन बेजुबान पशुओं के लिए न तो पर्याप्त छांव की व्यवस्था है और न ही पीने के पानी की कोई समुचित सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

प्रशासन और संबंधित विभाग की इस उदासीनता को लेकर अब स्थानीय जनता में भारी नाराजगी देखी जा रही है। स्थानीय नागरिकों और समाजसेवियों का कहना है कि पशु विभाग का मुख्य दायित्व पशुओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य और उनकी सही देखरेख करना है। लेकिन वर्तमान हालातों को देखकर ऐसा लगता है कि विभाग अपनी जिम्मेदारियों से पूरी तरह पीछे हट चुका है। गांवों और शहरों में बड़ी संख्या में लावारिस मवेशी खुले आसमान के नीचे तपती सड़कों पर दिन-रात बैठे रहते हैं। चारे और पानी की कमी के कारण कई पशु लगातार बीमार हो रहे हैं, लेकिन उनकी सुध लेने वाला कोई जिम्मेदार अधिकारी नजर नहीं आ रहा है।



### पानी और छांव की व्यवस्था करने की मांग

नागरिकों का कहना है कि गर्मी के इस मौसम में इंसानों के लिए तो जगह-जगह प्याऊ और छांव की व्यवस्था की जा रही है, लेकिन बेजुबान पशुओं के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। कई सामाजिक संगठनों और गौसेवकों ने प्रशासन से मांग की है कि शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में मवेशियों के लिए अस्थायी शेड (छायादार स्थान) बनाए जाएं। जगह-जगह पानी की टंकियां रखकर नियमित रूप से पानी भरा जाए। लावारिस और बीमार मवेशियों के लिए चारे और इलाज की समुचित व्यवस्था की जाए।

### सड़क हादसों का बढ़ा खतरा

सड़कों पर मवेशियों के बैठने के कारण केवल पशुओं को ही परेशानी नहीं हो रही है, बल्कि इससे सड़क दुर्घटनाओं का खतरा भी बहुत ज्यादा बढ़ गया है। दिन के समय तो मवेशी नजर आ जाते हैं, लेकिन रात के अंधेरे में वाहन चालकों को सड़क पर बैठे पशु दिखाई नहीं देते। इसके कारण लगातार हादसे हो रहे हैं, जिसमें वाहन चालकों के साथ-साथ मवेशी भी घायल हो रहे हैं और असमय मौत का शिकार बन रहे हैं। इसके बावजूद संबंधित विभाग और जिला प्रशासन की ओर से अब तक कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है। नागरिकों ने शासन-प्रशासन से पुरजोर मांग की है कि इस गंभीर समस्या को देखते हुए तत्काल ठोस कार्रवाई की जाए, ताकि इस भीषण गर्मी में बेजुबान पशुओं को राहत मिल सके और सड़क हादसों पर भी रोक लगाई जा सके।

# महंगाई और पेट्रोल-डीजल संकट पर कांग्रेस का 12 ब्लॉकों में विरोध प्रदर्शन

## सरकार की अदूरदर्शिता से जनता भय के माहौल में जीने को मजबूर : मेनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा पूरे देश में पेट्रोल डीजल की कमी से उत्पन्न असमंजस और अराजकता की स्थिति, आम जनता को हो रही शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक परेशानियों तथा वैकल्पिक व्यवस्था करने में केंद्र की मोदी सरकार एवं राज्य की विष्णुदेव साय सरकार की विफलता के विरोध में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में रायपुर शहर के अंतर्गत आने वाले 12 ब्लॉकों में पेट्रोल पंपों एवं प्रमुख चौराहों पर प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र और राज्य सरकार की नीतिगत असफलताओं एवं लापरवाही के कारण आज आम जनता पेट्रोल डीजल के लिए घंटों लाइन में खड़े रहने को मजबूर है। परिवहन व्यवस्था प्रभावित हो रही है, व्यापार एवं दैनिक कार्य बाधित हो रहे हैं और आम नागरिकों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा, सरकार को समय रहते वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करनी थी, लेकिन पूरी तरह विफल साबित हुई है। सरकार की अदूरदर्शिता और प्रशासनिक अक्षमता के कारण जनता भय और असुविधा के माहौल में जीने को मजबूर है।

### इन जगहों पर हुए प्रदर्शन

यह प्रदर्शन शहीद भगत सिंह ब्लॉक द्वारा आमानाका ओवर ब्रिज, डॉ. खूबचंद बघेल ब्लॉक द्वारा कुशालपुर ओवर ब्रिज, संत कबीर दास ब्लॉक द्वारा मोवा थाना के पास, पंडित जवाहरलाल नेहरू ब्लॉक द्वारा तेलीबांधा पेट्रोल पंप, वीरांगना अवंती बाई ब्लॉक द्वारा फाफाडीह चौक, गुरु घासीदास ब्लॉक द्वारा शंकर नगर चौक, सरदार वल्लभभाई पटेल ब्लॉक द्वारा रामनगर पेट्रोल पंप, नेताजी कन्हैयालाल बाजारी ब्लॉक द्वारा गुढ़ियारी, संत माता कर्मा ब्लॉक द्वारा रिंग रोड उद्योग भवन, शहीद पंकज विक्रम ब्लॉक द्वारा पुलिस लाइन पेट्रोल पंप, लेफ्टिनेंट अरविंद दीक्षित ब्लॉक द्वारा कालीबाड़ी तथा महंत लक्ष्मी नारायण दास ब्लॉक द्वारा वीरभद्र नगर पेट्रोल पंप के सामने किया गया।




### कांग्रेस का प्रदर्शन

पेट्रोल, डीजल, खाद्य सामाग्री आवश्यक वस्तुओं की बढ़ी कीमतों तथा महंगाई के विरोध में कांग्रेस चार दिवसीय आंदोलन करने जा रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रदेश के समस्त जिला एवं ब्लाक मुख्यालयों में धरना, प्रदर्शन एवं आंदोलन किये जाने का निर्णय लिया है। इसके तहत 18 मई किराना बाजारों में प्रदर्शन होगा। 19 मई सराफा व्यवसाय ठप्प होने व सोने-चांदी के व्यापारियों, कारीगरों एवं कर्मचारियों के रोजी-रोटी की संकट के विरोध में सराफा बाजारों में प्रदर्शन होगा। 20 मई को सोशल मीडिया पर महंगाई एवं आवश्यक वस्तुओं की कमी को लेकर आंदोलन होगा ।

## खबर संक्षेप



### कच्छ गुर्जर क्षत्रिय मिस्त्री समाज के कारीगरों की रही महत्वपूर्ण भूमिका

**रायपुर।** तमिलनाडु के रामेश्वरम में स्थित नया पंबन रेलब्रिज भारत का पहला वर्टिकल-लिफ्ट (उर्ध्वाधर-उठाने वाला) रेलवे समुद्री पुल है। यह 2.08 किलोमीटर लंबा पुल मुख्य भूमि (मंडपम) को रामेश्वरम द्वीप से जोड़ता है, जो 110 साल पुराने ऐतिहासिक पुल की जगह बना है। इस संबंध में कच्छ गुर्जर क्षत्रिय मिस्त्री समाज स्टेशन रोड के लोगों ने बताया कि कच्छ गुर्जर क्षत्रिय (मिस्त्री) समाज के कारीगरों और ठेकेदारों ने 1914 में निर्मित ऐतिहासिक पंबन रेलवे पुल के निर्माण में अमिट और महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस समुदाय के कुशल शिल्पकारों ने समुद्र की विपरीत परिस्थितियों में इस विशाल परियोजना को धरातल पर उतारा। पुल का निर्माण ब्रिटिश सरकार द्वारा गुजरात के कच्छ जिले से आए प्रतिष्ठित मिस्त्री (कड़िया) क्षत्रिय परिवारों को सौंपा गया था। इनमें मुख्य रूप से करोजी कुट्ज, मिस्त्री मंझी दया वेगाड, लाखू देवजी वेगाड, वरजांग हिरजी और गंजी नारायण जैसे ठेकेदार और शिल्पी शामिल थे। इस आधार पर हम मिस्त्री कहलाने वाले लोग है, पहले जो भी रामेश्वरम गए होंगे, कच्छ गुर्जर मिस्त्री समाज के कारीगर द्वारा निर्मित ब्रिज से दर्शन करने जा सकेंगे।

### युक्तियुक्तकरण के नाम पर शिक्षकों को नहीं मिला न्याय

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में शिक्षक युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया मई 2026 की स्थिति में भी गंभीर विवादों और शिक्षकों के भारी असंतोष के केंद्र में बनी हुई है। नई पदस्थापना पर ज्वाइन नहीं करने वाले 176 से अधिक शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया है और कई अन्य लोगों का वेतन रोक दिया गया है। युक्तियुक्तकरण के आदेशों के तहत नई पदस्थापना पर ज्वाइन न करने वाले कई शिक्षकों को निलंबित किया गया है, जबकि कई शिक्षकों का वेतन रोक दिया गया है। युक्तियुक्तकरण से प्रताड़ित शिक्षक, जो अबतक ज्वाइनिंग नहीं दिए, उच्च न्यायालय बिलासपुर के समक्ष 3 से 4 बार याचिका प्रस्तुत कर चुके हैं। इसके बाद भी आज तक किसी भी शिक्षक को समक्ष बुलाकर सुनवाई नहीं की गई है। शिक्षक संगठन इस पूरी प्रक्रिया को तत्काल निरस्त करने और 2008 के सेटअप के अनुसार न्यायसंगत नीति अपनाने की मांग राज्य सरकार से कर रहे हैं।

### डाक अदालत 20 मई को, सुलझेंगी समस्याएं

**रायपुर।** प्रवर अधीक्षक डाकघर रायपुर संभाग रायपुर द्वारा स्टेशन रोड स्थित रायपुर गंज उपडाकघर परिसर के कार्यालय में 20 मई को डाक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम डाक सेवाओं से संबंधित ग्राहकों की शिकायतों पर प्रत्यक्ष परिचर्चा करके उनका समाधान करने के लिए किया जाएगा। 'डाक अदालत' सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक लगाई जाएगी। डाक सेवाओं से संबधित समस्त शिकायतें जैसे डाक वस्तुओं का वितरण, काउंटर सेवाएं, लघुबचत योजनाएं (आरडी, बचत बैंक, बचत पत्र इत्यादि) रजिस्ट्री, मनीआर्डर, वीपीपी पार्सल, एक्सप्रेस पार्सल, स्पीड पोस्ट, मनीआर्डर, डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा से संबंधित शिकायतों का समाधान डाक अदालत में किया जाएगा।

# महंगाई और ईंधन संकट पर बोले डहरिया-मोदी से देश संभल नहीं रहा

चुनाव खत्म होने के बाद जनता को ज्ञान दे रहे प्रधानमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक एवं पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी चुनाव के दौरान देश में पेट्रोल-डीजल और गैस की कोई कमी नहीं होने की बात कह रहे थे। चुनाव खत्म होने के बाद वे जनता को ज्ञान दे रहे हैं कि पेट्रोल-डीजल को उपयोग कम करें। किसानों को सलाह दे रहे हैं कि खेती में उर्वरक का उपयोग कम करें। साथ ही वे कह रहे हैं वर्क फार्म होम करिए। वहीं राज्य सरकार ने यहां पेट्रोल-डीजल का कृत्रिम संकट पैदा कर लोगों को लाइन में लगा दिया है। ऐसा लग रहा है कि प्रधानमंत्री देश को संभाल नहीं पा रहे हैं। वहीं विष्णुदेव साय प्रदेश को नहीं संभाल पा रहे हैं।

कांग्रेस भवन में महंगाई और पेट्रोल- डीजल गैस की किल्लत के कारण पूरे प्रदेश में अराजकता का माहौल लेकर संवाददाताओं से चर्चा में डॉ. डहरिया ने कहा, अगर किसान खेती में उर्वरक का कम उपयोग करेगा, उसकी उपज कैसे बढ़ेगी। जब से प्रदेश में भाजपा सरकार बनी है सोसायटियों से किसानों को खाद बहुत कम मिल रहा हैं। साथ ही उन्होंने कहा, मोदी नागरिकों को काम नही करने का सलाह दे रहें हैं, वर्क फार्म होम करिए काम में मत जाइए, उनके इस सलाह से फिल्ड में काम करने वाले, गली कुचे में घूमकर समान बेचने वाले फेरी लगाने वाले क्या करेंगे? ऐसे में देश आर्थिक पतन की ओर अग्रसर हो जायेगा। उन्होंने कहा एक साल तक सोना नहीं खरीदने की सलाह देकर वे अडानी-अंबानी को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। शहर अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन ने कहा, महंगाई बढ़ने से रसोई का बजट ऐसे ही बिगड़ गया है। अब प्रधानमंत्री खाद्य तेल का कम उपयोग की सलाह दे रहे हैं। कमीतों में नियंत्रण करने के बजाय जनता को महंगाई की मार झेलनी पड़ रही है।




### महंगाई पर नियंत्रण की मांग

*जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र "पप्पू" बंजारे ने केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा, 2014 में भाजपा ने महंगाई कम करने और पेट्रोल-डीजल सस्ता करने का वादा किया था, लेकिन आज आम जनता महंगाई की मार से परेशान है। जब कांग्रेस की सरकार थी तब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत अधिक होने के बावजूद जनता को राहत देने का प्रयास किया जाता था, जबकि आज कच्चे तेल की कीमत कम होने पर भी पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस के दाम लगातार बढ़ाए गए हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से पेट्रोल-डीजल एवं गैस के दाम कम करने, महंगाई पर नियंत्रण करने की मांग की। अगर इसे नजरअंदाज किया गया तो कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन जारी रखेगी।*

### महंगाई की मार और पेट्रोल संकट से जनता बेहाल, सरकार प्रचार में मशगूल-अर्जुमन




पेट्रोल-डीजल के दामों में वृद्धि और प्रदेशभर में पेट्रोलियम पदार्थों की कमी के कारण पेट्रोल पंपों में लग रही लंबी कतारों के विरोध में शनिवार को रायपुर के पूर्व महापौर एजाज ढेबर एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष व पार्षद अर्जुमन ढेबर के नेतृत्व में कालीबाड़ी पेट्रोल पंप के सामने विरोध प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए जनता को राहत देने की मांग की। पूर्व महापौर एजाज ढेबर ने कहा, एक ओर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद केंद्र सरकार टैक्स कम करने को तैयार नहीं है, वहीं दूसरी ओर प्रदेश में पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने में भी सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा, जनता घंटों लाइन में खड़ी रहने को मजबूर है, लेकिन सरकार के मंत्री और जिम्मेदार अधिकारी सिर्फ बयानबाजी में व्यस्त हैं।

**सरकार हर मोर्चे पर विफल :** ढेबर ने आरोप लगाया कि सरकार की गलत नीतियों और कमजोर प्रबंधन का खामियाजा आम नागरिक, व्यापारी, किसान और परिवहन क्षेत्र से जुड़े लोग भुगत रहे हैं। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि का सीधा असर रोजमर्रा की वस्तुओं पर पड़ रहा है, जिससे महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल हो चुकी है और जनता अब जवाब मांग रही है।

# मानसून पूर्व मेंटेनेंस के लिए प्रदेश में रोज कई फीडरों की बिजली गुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश में मई की भरी गर्मी में शहर से लेकर गांवों तक घंटों बिजली गुल हो रही है। इसके पीछे का कारण यह है कि छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी मानसून के लिए फीडरों का मेंटेनेंस कर रही है। प्रदेश में 55 सौ फीडर हैं। रोज 50 से 100 फीडरों में मेंटेनेंस का काम किया जा रहा है। ऐसे में रोज चार से छह घंटों तक बिजली बंद करनी पड़ रही है। मेंटेनेंस का यह काम 15 जून तक चलेगा। पॉवर कंपनी जहां गर्मी के लिए फरवरी से मार्च के बीच फीडरों का मेंटेनेंस करती है, वहीं मानसून के लिए मई और जून में मेंटेनेंस किया जाता है। इसके अलावा बीच में और भी कई कारणों से मेंटेनेंस के लिए बिजली बंद की जाती है। गर्मी में बिजली बंद होने से उपभोक्ता परेशानी में हैं। बिजली बंद को उपभोक्ता कटौती मान रहे हैं।

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के पास बिजली की कोई कमी नहीं है। भले अपना उत्पादन 25 से 26 सौ मेगावाट होता है और गर्मी में इस बार भी खपत सात हजार मेगावाट के पार गई है, लेकिन इसकी पूर्ति करने के लिए पॉवर कंपनी सेंट्रल सेक्टर से चार से पांच हजार मेगावाट से ज्यादा बिजली लेती है। इसके बाद भी शहर से लेकर गांवों तक इन दिनों लगातार रोज चार से छह घंटों तक बिजली बंद होने पर यह कहा जा रहा है कि कटौती हो रही है। हालांकि पॉवर कंपनी के अधिकारियों को कटौती कहने से आपत्ति भी है। उनका कहना है कि मानसून के लिए फीडरों का मेंटेनेंस किया जा रहा है और इसके लिए जहां अखबारों में कुछ दिन पहले ही सूचना दी जाती है, वहीं उपभोक्ताओं के मोबाइल पर भी मैसेज भेजा जाता है।

### करीब डेढ़ माह लगते हैं मेंटेनेंस में

प्रदेश में 55 सौ फीडर हैं। इनका मेंटेनेंस करने के लिए करीब डेढ़ माह का समय लग जाता है। पॉवर कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक रोज सौ से ज्यादा फीडरों में मेंटेनेंस का काम करना ही पड़ता है, तब जाकर गर्मी या फिर मानसून में बिजली व्यवस्था ठीक रहती है। हालांकि पॉवर कंपनी के अधिकारी इस बात से भी इनकार नहीं करते हैं कि मेंटेनेंस करने के बाद भी खराबी नहीं आएगी इसकी कोई गारंटी नहीं है, क्योंकि कभी आंधी-तूफान या फिर अन्य किसी कारण से भी खराबी आ जाती है तो उसके लिए कुछ नहीं किया जा सकता है। लेकिन गर्मी और मानसून से पहले यह तैयारी जरूरी रहती है कि फीडर सही काम करें और परेशानी न हो। पॉवर कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि मानसून से पहले मेंटेनेंस जरूरी रहता है, इसलिए मई और जून में मेंटेनेंस करना मजबूरी है, क्योंकि हमारे पास कोई विकल्प नहीं है। 15 जून से पहले अगर मेंटेनेंस नहीं होता तो ज्यादा परेशानी हो सकती है।

# कम वजन करके दाम बढ़ाने का खेल इसलिए महंगे हो गए खाद्य तेल

## सिंडीकेट बनाकर मुनाफाखोरी का जमकर चल रहा है खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ईरान-अमेरिका, इजरायल युद्ध के मौके का पूरा फायदा उठाने का काम चल रहा है। किराना के सामान में भी सिंडीकेट बनाकर दाम बढ़ाने का खेल किया जा रहा है। अब तो एक लीटर के स्थान पर कंपनियां अपनी मर्जी से वजन कम करके खाद्य तेलों के दाम ज्यादा वसूल रही हैं। इसका फायदा छोटे से लेकर बड़े कारोबारी भी उठा रहे हैं। सोया और राइस ब्रान तेलों के दाम 30 रुपए तक बढ़ा दिए गए हैं।

■ सोया और राइस ब्रान तेलों के 30 रुपए बढ़े दाम

लंबे समय से महंगाई थमने का नाम नहीं ले रही है। कभी कोई सामान तो कभी कोई सामान महंगा हो जाता है। कई बार दाम बढ़ने के पीछे कारण भी रहता है, लेकिन ज्यादातर मौकों पर सिंडीकेट बनाकर ही दाम बढ़ाने का काम किया जाता है। खाद्य तेलों में लंबे समय से राहत थी, लेकिन अब इसके दाम भी बढ़ गए हैं। इसके पीछे का कारण भले युद्ध को बताया जा रहा है, लेकिन इसके दाम में लगातार खेल हो रहा है।



### कम वजन में ऐसा खेल

खाद्य तेलों में पहले सभी कंपनियों के एक लीटर के ही पैक आते थे, लेकिन सरकार से छूट मिलने के बाद इसके पैक अब अलग-अलग कंपनियां अपनी मर्जी से कर रही हैं तो इसमें कीमत का खेल हो रहा है। कम वजन के कारण दाम ज्यादा देने पड़ रहे हैं। एक तो दाम पहले ही ज्यादा वसूले जा रहे हैं। एक उदाहरण हरेली तेल का ही लेते हैं। इस तेल के दाम हमेशा कीर्ति गोल्ड के सोया तेल से कम से कम पांच रुपए कम रहते हैं, लेकिन अब इसके दाम उससे ज्यादा हो गए हैं। इसके पीछे वजन का खेल है। हरेली ने अब एक लीटर का पैक ही बंद कर दिया है। अब 730 ग्राम यानी 800 एमएल का पैक लाया गया है। इसके चिल्हर में दाम 130 रुपए हैं। यानी एक लीटर के दाम हो गए 162.50 रुपए। इतने दाम तो कीर्ति गोल्ड के भी नहीं है। कीर्ति गोल्ड एक लीटर का इस समय चिल्हर में 155 से 160 रुपए बिक रहा है।

ज्यादातर कंपनियों ने अपने एक लीटर के पैक को कम वजन का कर दिया है तो उसके दाम बढ़ गए हैं। सोया का फार्च्यून 840 एमएल का आ रहा है। इसके दाम थोक में 140 रुपए और चिल्हर में 150 रुपए है। इसके एक लीटर के दाम का हिसाब किया जाए तो यह 175 रुपए का पड़ रहा है। सनफ्लावर का 800 एमएल का पैक थोक में 163 और चिल्हर में 170 रुपए का मिल रहा है। यानी इसका एक लीटर का पैक 212.50 रुपए का पड़ेगा। यह तेल तो फल्ली तेल से भी महंगा हो गया है। फल्ली तेल इस समय चिल्हर मे 190 रुपए में मिल रहा है। युद्ध के पहले जिन तेलों के दाम चिल्हर में 128 से 130 रुपए थे, उनके दाम आज चिल्हर में 160 रुपए हो गए हैं। हरेली तेल जहां 162.50 रुपए हो गया है, वहीं कीर्ति गोल्ड के दाम भी 160 रुपए हो गए हैं।

# शासकीय जमीन पर कब्जा कर सालों से खेती सीमांकन के बाद 20 एकड़ से अधिक खाली कराई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर से 40 किलोमीटर दूर खरोरा तहसील अंतर्गत ग्राम फरहदा में रसूखदारों द्वारा शासकीय भूमि पर कब्जा कर कई वर्षों से धान की खेती करने का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत द्वारा की गई शिकायत के बाद राजस्व विभाग ने इस मामले में जांच करते हुए जमीन का सीमांकन कराया गया। इस सीमांकन के दौरान अब तक 20 एकड़ से अधिक शासकीय जमीन पर कब्जा पाया गया है, जिसे ग्राम पंचायत के माध्यम से कब्जा मुक्त कराया गया।





### 60 एकड़ से अधिक शासकीय भूमि पर कब्जा

फरहदा गांव के सरपंच संजय साहू, पंच आनंद साहू सहित अन्य पंचों ने बताया कि उनके गांव में वर्षों पूर्व चारागाह से लेकर खेल मैदान, तालाब, श्मशान घाट सहित अन्य विकास कार्य के लिए लगभग 60 एकड़ भूमि आरक्षित की गई। इस भूमि का ऑनलाइन रिकॉर्ड भी है। इसके बाद भी इस भूमि पर कुछ रसूखदारों द्वारा कब्जा कर धान की खेती की जा रही है। इस तरह शासकीय भूमि पर धान की खेती कर कई लोग लाखों, करोड़ों रुपए की कमाई कर चुके हैं। इस भूमि पर कब्जा को लेकर तहसील कार्यालय में ग्राम पंचायत ने लिखित शिकायत दर्ज कराई। इसके आधार पर अब भूमि की जांच कराई जा रही है। इस जांच में सबसे पहले भूमि का सीमांकन किया जा रहा है। इस सीमांकन में लगभग 20 एकड़ भूमि शासकीय साबित हो चुकी है। सीमांकन के बाद ग्राम पंचायत अब अपने स्तर पर ही कब्जा भूमि को मुक्त कराने अभियान चला रही है। इसके तहत जेसीबी मशीन से खेत की मिट्टी खोदी जा रही है, ताकि रसूखदार दोबारा इस भूमि पर खेती नहीं कर सकें। इधर इस मामले में तहसीलदार मंडाई ने बताया कि ग्राम पंचायत की शिकायत पर भूमि का सीमांकन किया जा रहा है। इसके तहत अब तक 20 एकड़ से अधिक भूमि शासकीय पाई गई है। सीमांकन का काम अभी जारी है।

# छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस की कार्यकारिणी भंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश से लेकर बूथ स्तर तक की वर्तमान कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अल्का लांबा ने इस संबंध में आदेश जारी किया है।

अखिल भारतीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अल्का लांबा ने अपने आदेश में बताया कि छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस को और अधिक मजबूत, सक्रिय और प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से संगठनात्मक पुनर्गठन प्रक्रिया प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है। इस कड़ी में नई कार्यकारिणी के गठन से पहले प्रदेश, जिला, ब्लॉक एवं बूथ स्तर की वर्तमान कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग किया गया है। उन्होंने बताया कि संगठन में सक्रियता, सदस्यता अभियान में योगदान, जनसंपर्क, संघर्षशील भूमिका एवं संगठन के प्रति समर्पण को आधार बनाकर जल्द ही छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस की नई कार्यकारिणियों का गठन किया जाएगा।



राष्ट्रीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अल्का लांबा ने जारी किया आदेश

# प्रगतिशील यादव महासंघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रगतिशील यादव महासंघ द्वारा सिविल लाइन स्थित वृंदावन हॉल में शुक्रवार को शपथ ग्रहध समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शपथ ग्रहण अधिकारी राममणि यादव ने महासंघ के विभिन्न पदाधिकारियो को शपथ दिलाते हुए श्रीकृष्ण भगवान के गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली और ग्वाल-बाल की लाठियों के साथ उठाने के प्रसंग का उद्बोधन करते हुए संगठन की एकता का महत्व बताया। साथ ही 1 अप्रैल से अब तक बने 30 नए सदस्यों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि बिल्डर्स विजय यादव ने जोरा स्थित प्रस्तावित यादव वीर अहीर सदन के लिए पांच लाख रुपए देने की घोषणा की तथा आश्वस्त किया कि सुपरविजन निशुल्क रहेगा। इसी दौरान रविंद्र सिंह दत्ता, डॉयरेक्टर होटल मेहराब इन की ग्यारह हजार रुपए की आर्थिक मदद देने की घोषणा ने आनंद उत्सव को दोगुना कर दिया। महासचिव निरंजन सिंह यादव ने बताया कि इस कार्यक्रम में मैट्स यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर डा. केपी यादव, श्रीकांत यादव, हैप्पीनेस कोच शीलू शर्मा, मधु निरंजन यादव, रमी यादव, मिथिलेश्वर यादव, मुकेश यादव, आयुष राजेश यादव आदि शामिल थे।

## खबर संक्षेप



### पेट्रोल पंप में पुलिस हेल्पलाइन नंबर

**रायपुर।** पेट्रोल पंप संचालकों एवं कर्मचारियों की सुरक्षा तथा आपातकालीन स्थिति में त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध कराने हेतु प्रमुख एवं दृष्टिगोचर स्थानों पर इमरजेंसी कॉन्टैक्ट नंबर चस्पा किए जा रहे हैं। उक्त पोस्टरों में पुलिस कंट्रोल रूम, संबंधित स्थानीय थाना प्रभारी, डॉयल-112 सहित अन्य महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर अंकित किए गए हैं, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा आपराधिक घटना की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना दी जा सके। साथ ही पेट्रोल पंप संचालकों एवं कर्मचारियों को रात्रिकालीन सतर्कता, संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी रखने, सीसीटीवी कैमरे सक्रिय रखने तथा नकदी के सुरक्षित प्रबंधन संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए जा रहे हैं।

### दंतेवाड़ा जिला अस्पताल को मिला एनक्यूएएस

**रायपुर।** दंतेवाड़ा जिला चिकित्सालय को भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्यूएएस) प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय और जिला प्रशासन के नेतृत्व में जिले के स्वास्थ्य केंद्रों को राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों के अनुरूप विकसित करने का कार्य लगातार किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला चिकित्सालय दंतेवाड़ा ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। जिला चिकित्सालय द्वारा बताया गया कि केंद्र सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम द्वारा अस्पताल का विस्तृत मूल्यांकन किया गया।

### ग्रीन आर्मी की नारी शक्ति अब वर्क फ्रॉम होम से करेंगी पर्यावरण संरक्षण

**रायपुर।** ग्रीन आर्मी संस्था की नारी शक्ति की एक महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे के नेतृत्व में हुई। इस दौरान विभिन्न वार्डों से लगभग 25 से 30 महिला शक्ति की सक्रिय उपस्थिति रही। बैठक का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को पर्यावरण संरक्षण के कार्यों से जोड़ते हुए "वर्क फ्रॉम होम" प्रणाली के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाने हेतु प्रशिक्षित करना रहा। बैठक के दौरान सभी महिला सदस्यों को ऑनलाइन जूम मीटिंग की कार्यप्रणाली, डिजिटल माध्यम से जनसंपर्क तथा डीजल-पेट्रोल की बचत करते हुए पर्यावरण संरक्षण के कार्यों को प्रभावी रूप से संचालित करने संबंधी दिशा-निर्देश दिए गए। वृक्ष संरक्षण, घर-घर नर्सरी अभियान, पौधों को जल अर्पण, जल संरक्षण हेतु वाटर लीकेज, नलों की टोटियां लगवाना, ठीक करवाना, तालाब सफाई अभियान, सिंगल यूज़ प्लास्टिक बंद करने हेतु "मेरा घर पॉलीथीन फ्री" अभियान, घर-घर स्वच्छता अभियान, नगर निगम के रंग आधारित कचरा पृथक्करण व्यवस्था का पालन, नालियों में कचरा न फेंकने की जागरूकता तथा पशु-पक्षियों के लिए दाना-पानी (सकोरा) की व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल रहे।

# प्रदेश में 4 हजार 755 तालाब हुए लबालब, भीषण गर्मी से मिली बड़ी राहत

**अलग खबर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वर्तमान में भीषण गर्मी के दौरान तालाबों में पानी की कमी से जूझ रहे लोगों को राहत पहुंचाने के लिए जल संसाधन विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत प्रदेश में सूख रहे 4 हजार 755 तालाबों को अब तक विभाग द्वारा त्वरित पहल करते हुए नहरों के माध्यम से भरा जा चुका है और जरूरत के मुताबिक शेष तालाबों में भी पानी भरने का कार्य तेजी से जारी है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में भीषण गर्मी ने पूरे देश को अपने चपेट में ले रखा है, इससे छत्तीसगढ़ भी अछूता नहीं है। इससे जल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है और ग्रामीण क्षेत्र में पानी का प्रमुख स्त्रोत तालाब भी जलविहीन हो रहे हैं। ऐसे हालात में लोगों को राहत पहुंचाने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप जल संसाधन विभाग द्वारा राज्य में सूख रहे तालाबों में जल भराव का कार्य तेजी से चलाया जा रहा है।



### सूखते तालाबों को जीवनदान देने जल संसाधन विभाग का विशेष अभियान

**रायपुर जिले के 663 तालाबों में जल भराव**

जल संसाधन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इनमें सर्वाधिक रायपुर जिला के अंतर्गत निस्तारी हेतु प्रस्तावित कुल 783 तालाबों में से अब तक 663 तालाबों में जल भराव हेतु नहर से पानी दिया जा चुका है। इसी तरह बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के 586 तालाबों में से 504 तालाबों, धमतरी जिले के 508 तालाबों में से 329 तालाबों में पानी भरा जा चुका है। इस तरह प्रदेश के अमूमन सभी जिलों के तालाबों में पानी भराव का कार्य किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में लोगों के निस्तारी आदि की समस्या का तत्काल समाधान हो सके।

### जल संरक्षण और वाटर रीचार्ज

उल्लेखनीय है कि जल संसाधन विभाग द्वारा विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के तहत नहरों के माध्यम से पानी को तालाबों तक पहुंचाने के लिए यह योजना जल संरक्षण और वाटर रीचार्ज की दिशा में एक दूरदर्शी और प्रभावी कदम साबित हो रही है। जल संसाधन विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ में जल दोहन सहित अन्य कारणों से सूखते तालाबों के लिए नहरों से पानी का पहुंचाया जाना अत्यंत लाभकारी साबित हो रहा है।

## ट्रांसपोर्ट का खर्च बचाने के लिए ओवरलोड माल ट्रकों में लादकर परिवहन करा रही निजी कंपनियां

# सड़कों पर मौत बनकर दौड़ रहे ओवरलोड भारी वाहन, क्षमता से अधिक भरा जा रहा माल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर सहित जिले के राष्ट्रीय राजमार्गों से लेकर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों की मुख्य सड़कों पर ओवरलोड भारी वाहन दौड़ रहे हैं। इन भारी वाहन में ज्यादातर 6 चक्का, 10 चक्का एवं 12 चक्का वाहन शामिल हैं। इन गाड़ियों में क्षमता से अधिक माल की लोडिंग कराकर परिवहन किया जा रहा है। कई निजी कंपनियां जहां ट्रांसपोर्ट का खर्च बचाने के लिए ओवरलोड माल ट्रकों में लादकर परिवहन करा रही हैं, वहीं दूसरी ओर कई ट्रांसपोर्ट एजेंसियां शासकीय विभागों से भी जुड़ी हुई हैं। इनमें खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग अंतर्गत उपार्जन केंद्रों से राइस मिलों के माध्यम से धान का उठाव कर नागरिक आपूर्ति निगम के गोदामों में धान के बदले चावल भारी वाहन के माध्यम से जमा कराया जाता है। ट्रांसपोर्टिंग के दौरान पेट्रोल-डीजल का खर्च बचाने के लिए कई वाहन में क्षमता से अधिक चावल की ढुलाई कराकर परिवहन कराया जा रहा है। इन ओवरलोड वाहन के कारण सड़कों पर हर दिन दुर्घटनाओं की भी संभावना बनी रहती है।



### 10 चक्का वाहन की क्षमता 28 टन, भरा जा रहा 30 से 31 टन

*सूत्रों से पता चला है कि केंद्रीय परिवहन विभाग की गाइड लाइन के अनुसार माल वाहक गाड़ियों की क्षमता निर्धारित की गई है। इसके तहत छह चक्का ट्रक का वजन 19 टन है। इसी प्रकार 10 चक्का ट्रक के लिए वजन लगभग 28.5 टन, 12 चक्का ट्रक के लिए 36 टन, 14 चक्का ट्रक के लिए 43.5 टन एवं 18 चक्का ट्रक के लिए 47.5 टन है। यानी कौन सा वाहन कितने टन माल की ढुलाई करेगा, यह तय है। इस गाइड लाइन के बावजूद कई वाहन में क्षमता से अधिक माल की ढुलाई कर परिवहन कराया जा रहा है। यानी 10 चक्का वाहन में 28 टन की जगह 30 टन माल लोड कराकर परिवहन किया जा रहा है।*

**केस 1**

रायपुर शहर से सारागांव जाने वाले मार्ग पर चावल से लदे भारी वाहन में क्षमता से अधिक चावल भरकर परिवहन किया जा रहा है। इस मार्ग पर चावल से लदा 12 चक्का ट्रक जिसका नंबर सीजी04 आईआर 6253 ओवरलोड था। इस ट्रक के पीछे का एक चक्का फटा हुआ था, वहीं ट्रक एक तरफ झुककर चल रहा था। ट्रक में इतना अधिक चावल से भरी बोरियां लाद दी गई थीं कि बारियों का आधा हिस्सा ट्रक के बाहर लटक रहा था।

**केस 2**

इसी मार्ग पर 12 चक्का ट्रक सीजी04एलजेड4782 में भी चावल से भरी बोरियां क्षमता से अधिक लादी गयी थीं। ओवरलोडिंग के कारण ट्रक के बाहर भी कई बोरियों का आधा हिस्सा लटक रहा था।

**केस 3**

इसी प्रकार ट्रक सीजी04-3056 में भी चावल परिवहन कर ले जाया जा रहा था। इस ट्रक में क्षमता से अधिक चावल की बोरियां लदी हुई थीं

### पूर्व में हो चुके हैं कई हादसे

*ओवरलोड वाहन के परिवहन के कारण पूर्व में कई बार सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिसमें लोगों की जानें भी गई हैं। ऐसा ही एक हादसा तीन माह पूर्व राजधानी रायपुर के विधानसभा थाना क्षेत्र अंतर्गत डीपीएस स्कूल के पास हुआ था, जिसमें धान से लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया था। ट्रक के पलटने से धान से भरी बोरियां वहां से गुजर रही एक कार पर जा गिरी थीं, जिसके कारण उस पर सवार 3 लोगों की दबकर मौत हो गई थी।*

# खम्हारडीह में नई पानी टंकी के लिए सर्वे शुरू, जल्द होगा भूमिपूजन

- *पानी टंकी दायरे के 7 पेड़ कटेंगे, एसडीएम से पेड़ काटने मांग रहे अनुमति*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन 3 के नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड में पेयजल की समस्या दूर करने खम्हारडीह में नई पानी टंकी बनाई जाएगी। जमीन के लिए महिला बाल विकास विभाग से एनओसी लेने की प्रक्रिया की जा रही है। इसके साथ ही पानी टंकी निर्माण को लेकर नगर निगम ने सर्वे कराना शुरू कर दिया है। 20 करोड़ की लागत से यहां 2500 किलोलीटर क्षमता वाली पानी टंकी का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए 25 किलोमीटर के दायरे में अनुबंधित एजेंसी पेयजल आपूर्ति के लिए नई पाइप लाइन बिछाएगी।

अनुबंधित एजेंसी ने नई पानी टंकी के लिए सर्वे का कार्य शुरू कर दिया है। राजधानी के खम्हारडीह इलाके में नगर उत्थान योजना के तहत पेयजल आपूर्ति की सुगम व्यवस्था बनाने नई पानी टंकी का निर्माण कराया जा रहा है। इसके लिए ऑनलाइन टेंडर कर पुरानिक ब्रदर्स को टंकी निर्माण, पाइप लाइन बिछाने और संबंधित क्षेत्र में लोगों के घरों तक इंटरकनेक्शन करने तथा पानी टंकी से जल आपूर्ति की व्यववस्था की निगरानी करने स्कॉडा सिस्टम विकसित किया जाएगा। खम्हारडीह में पार्षद कार्यालय के पीछे टंकी बनाने के लिए जमीन देखी गई है। यह जमीन पुराने राजस्व रिकार्ड में महिला एवं बाल विकास विभाग के नाम दर्ज है, इसलिए इस जमीन को नगर निगम के नाम हस्तांतरित करने महिला एवं बाल विकास विभाग के संचालक को पत्र भेजकर एनओसी ली जा रही है। प्रोजेक्ट से जुड़े निगम के अधिकारी का कहना है, पखवाड़ेभर में टंकी निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा।

### महिला-बाल विकास विभाग से जमीन की एनओसी के लिए आवेदन



**2500 घरों में कनेक्शन**

### 25 किलोमीटर तक बिछेगी पाइप लाइन

नगर निगम से अनुबंधित एजेंसी खम्हारडीह क्षेत्र के 2500 घरों में पाइप लाइन के माध्यम से पेयजल आपूर्ति के लिए इंटर कनेक्शन करेगी। इसके साथ ही टंकी से पानी पहुंचाने 25 किलोमीटर दायरे में नई पाइप लाइन बिछाने का कार्य करेगी।

### 7 पेड़ कटना तय, एसडीएम से मांग रहे अनुमति

प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारी ने बताया कि खम्हारडीह पानी टंकी निर्माण क्षेत्र में 7 बड़े पेड़ आ रहे हैं, जिसका काटा जाना तय है, पेड़ को काटने से पहले नगर निगम एसडीएम से इसकी अनुमति लेगा। इसके लिए अनुमति मांगी जा रही है।

# वेयर हाउस कार्पोरेशन की प्रयोगशाला एफडीए के इंटीग्रेटेड लैब में होगी तब्दील, पीपीपी मोड पर संचालन की योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

औषधि तथा खाद्य पदार्थों की जांच की क्षमता और सुविधा बढ़ाने के लिए वेयर हाउस कार्पोरेशन की प्रयोगशाला को खाद्य एवं औषधि प्रशासन के इंटीग्रेटेड लैब के रूप में तब्दील किया जाएगा। नया भवन में लगने वाले वक्त और आधुनिक लैब को शीघ्र शुरू करने के लिए यह योजना बनाई गई है।

भवन हैंडओवर होते ही उसमें जरूरत के हिसाब से बदलाव कर पीपीपी मोड पर इसका संचालन किया जाएगा। राज्य में खाद्य पदार्थों और दवाओं की जांच के लिए अभी जिस प्रयोगशाला का उपयोग किया जाता है, उसकी क्षमता काफी सीमित है। कई तरह की बड़ी जांच के लिए सैंपल अन्य राज्यों को भेजा जाता है। जरूरतों को ध्यान में रखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन की आधुनिक प्रयोगशाला तैयार करने शासन द्वारा 46.49 करोड़ की योजना को स्वीकृति दी गई थी। शुरुआती दौर में लैब बनाने के लिए नवा रायपुर में जमीन की तलाश की जा रही थी, मगर निर्माण कार्य और लैब तैयार करने में काफी वक्त लगने की संभावना को ध्यान में रखते हुए इसके निर्माण के लिए वेयर हाउस कार्पोरेशन के लैब को उपयुक्त माना गया है।

जानकार सूत्रों के अनुसार खाद्य एवं औषधि की जांच के अनुसार यहां बदलाव और आवश्यक निर्माण कर इसे कम समय में चालू किया जा सकेगा। लैब का निर्माण पूरा करने के बाद इसके संचालन के लिए पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप की योजना लागू की जाएगी।



### दस गुना तक बढ़ जाएगी जांच क्षमता

लैब के शुरू होने के बाद यहां रासायनिक परीक्षणों की जांच क्षमता दस गुना तक बढ़ जाएगी। वर्तमान में रासायनिक परीक्षणों यानी खाद्य पदार्थों की जांच क्षमता 500–800 नमूने प्रतिवर्ष हैं, जो आधुनिक लैब के माध्यम से 7000–8000 नमूने प्रतिवर्ष हो जाएंगी। इसी तरह माइक्रोबायोलॉजिकल परीक्षण (इंजेक्शन, आई ड्रॉप आदि) 2000 नमूने प्रतिवर्ष होंगे। इसके अलावा मेडिकल डिवाइसेस जिनका वर्तमान में परीक्षण नहीं किया जा रहा है, उनके भी 500 नमूने प्रतिवर्ष लिए जाएंगे। इसके साथ ही फार्मास्यूटिकल्स नमूनों की जांच 50 से बढ़कर 1000 नमूने प्रतिवर्ष हो जाएगी।

### दूसरे राज्यों से भी आएंगे सैंपल

वर्तमान में सीमित संसाधन होने की वजह से कई तरह के सैंपलों को जांच के लिए मान्यता प्राप्त लैब में भेजना पड़ता है। इससे पैसे के साथ समय की बर्बादी होती है। खाद्य एवं औषधि के लैब को मान्यता मिलने के बाद दूसरे राज्यों के सैंपलों को भी यहां भेजकर जांच कराया जा सकेगा। खाद्य एवं औषधि प्रशासन में आवश्यकता के अनुसार मानव संसाधन की पूर्ती के लिए भर्ती किए जाने की प्रक्रिया विभागीय स्तर पर पूरी की जा रही है।

### सुरक्षा ढांचा मजबूत होगा

*इंटीग्रेटेड लैब के माध्यम से खाद्य एवं सुरक्षा ढांचे को मजबूत किया जा सकेगा। इसके माध्यम से जांच की क्षमता और दायरे का विस्तार होगा। वेयर हाउस कार्पोरेशन का लैब मिलने के बाद आवश्यकता के अनुसार उसमें बदलाव कर आधुनिक लैब का रूप दिया जाएगा।*

**- दीपक अग्रवाल, नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन**

# मुख्यमंत्री साय ने डीएमएफ कार्यों में तेजी लाने अतिरिक्त तकनीकी ढांचे के गठन के दिए निर्देश

## खनन प्रभावित गांवों को मॉडल विलेज के रूप में विकसित करने पर विशेष जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रायगढ़ में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान दंतेवाड़ा, रायगढ़ और कोरबा जैसे खनन प्रभावित जिलों में जिला खनिज न्यास डीएमएफ की राशि के प्रभावी और त्वरित उपयोग को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन जिलों में विकास कार्यों की संख्या और दायरा लगातार बढ़ रहा है, ऐसे में वर्तमान तकनीकी एवं इंजीनियरिंग स्टाफ पर्याप्त नहीं है।

उन्होंने लोक निर्माण विभाग को अतिरिक्त डिवीजन गठित करने तथा आवश्यक तकनीकी अमले की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि डीएमएफ की राशि का उपयोग केवल निर्माण कार्यों तक सीमित न रहे, बल्कि इसका प्रत्यक्ष लाभ खनन प्रभावित गांवों के लोगों को दिखाई देना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन गांवों में खनन गतिविधियां संचालित हो रही हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर "मॉडल विलेज" के रूप में विकसित किया जाए। इन गांवों में सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, सामुदायिक भवन और अन्य मूलभूत सुविधाओं का बेहतर विकास सुनिश्चित किया जाए।



### लोगों को विकास का मिलना चाहिए पहला अधिकार

*मुख्यमंत्री ने कहा कि खनिज संपदा से समृद्ध क्षेत्रों के लोगों को विकास का पहला अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य करते हुए डीएमएफ राशि के उपयोग में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।*

# भागवत कथा के लिए निकली समुद्र तट से जल कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भागवत कथा आयोजन समिति द्वारा जगन्नाथ पुरी में भागवत कथा का आयोजन किया गया है। जिसके लिए जल कलश यात्रा निकाली गई। पीले परिधानों में महिलाएं समुद्र तट पर पहुंची, पुरोहितों ने विधि विधान से पूजन कार्य वरुण देवता का कराया। यात्रा भ्रमण करते हुए कथा स्थल पहुंची। इसके पूर्व मुख्य जजमान शंकर इंद्राणी पांडेय, सह जजमान मनोजकांत सीता साहू, हेमंत तारा चंद्राकर कथा स्थल पर वेदी पूजन किया। सामूहिक जजमान के रूप में उपस्थित करीब 135 लोगों ने संकल्प उच्चारण कर वेदी व भगवान जगन्नाथ पर अक्षत अर्पण किया। बाजे गाजे के साथ समुद्र तट पर पंडितों ने पूजन विधान पूर्ण कराया। नगर भ्रमण, मंदिर दर्शन उपरांत कलश यात्रा का मंडप प्रवेश हुआ। पश्चात आचार्य पंकज तिवारी का स्वागत वंदन करते हुए व्यास पीठ तक ले जाया गया। सभी जजमानों और उपस्थित जनों ने लड्डू गोपाल का वंदन कर प्रथम दिवस का भागवत कथा श्रवण किया। उल्लेखनीय है कि महासमुंद से तीन बसों व ट्रेन से करीब 150 तीर्थ यात्री भागवत कथा श्रवण करने जगन्नाथ पुरी पहुंचे हैं। भागवत कथा का आयोजन समुद्र तट के पास स्थित एक होटल में किया गया है।



### बढ़ती महंगाई और ईंधन संकट पर झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ का सरकार पर हमला



**सरायपाली।** वर्तमान में डीजल, पेट्रोल एवं रसोई गैस की बढ़ती किल्लत और महंगाई को लेकर सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए जिला अध्यक्ष आरिफ अली पिंकी झुग्गी झोपड़ी प्रक्रोष्ठ ने कहा कि आम जनता आज दोहरी मार झेल रही है। एक ओर लगातार बढ़ते दाम लोगों की कमर तोड़ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर जरूरत के समय पेट्रोल, डीजल और गैस उपलब्ध नहीं हो पा रही है। उन्होंने कहा कि गरीब, मजदूर एवं मध्यम वर्गीय परिवार सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। रसोई गैस समय पर नहीं मिलने से महिलाओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि, डीजल और पेट्रोल की कमी के कारण परिवहन व्यवस्था एवं रोजमर्रा के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। किसानों को भी खेती-किसानी के कार्यों में दिक्कतें आ रही हैं। देश के प्रधानमंत्री द्वारा जनता से पेट्रोल, डीजल और गैस का कम उपयोग करने की अपील की जा रही है, लेकिन दूसरी ओर बड़े उद्योगपतियों को प्राकृतिक संसाधनों के दोहन की खुली छूट दी जा रही है।

# क्रिकेट मैच में कुहरी विजेता रामसागर उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आरएस इलेवन क्रिकेट क्लब रामसागर के तत्वावधान में आयोजित क्रिकेट मैच में कुहरी टीम ने फाइनल में रामसागर टीम को विकेट एवं रन से हरा दिया। फाइनल मैच के पहले अतिथियों ने दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया एवं टॉस कराया।

कुहरी की टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। रामसागर का कुल स्कोर 6 ओवर में 55 रन रहा। कुहरी टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए विकेट एवं रन से फाइनल के विजेता घोषित हुए। मैन ऑफ़ द मैच कुहरी के करन को मिला। इस प्रकार कुहरी की टीम विजेता एवं उपविजेता रामसागर, तृतीय अचानकपुर, चतुर्थ छिंदौली की झोली में गया। इस मौके पर कमेंट्रेटर गणेश ध्रुव, सुरेश निषाद ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंपायर के तौर में उमेंद्र दीवान, वीरनारायण ध्रुव रहे। खिलाड़ियों में डॉ प्रेमचंद ध्रुव, हीरासिंह, मोहन जगत, विनोद, बीरेंद्र, रामसिंह किशोर, गनपत, डिगेश, समीर, आशीष आदि का उल्लेखनीय योगदान रहा।

इस अवसर पर सरपंच आशा बाई ठाकुर, ग्राम विकास समिति से तेजराम यादव, अंजोर सिंह, नन्दलाल यादव, राजकुमार ठाकुर, कमल ध्रुव, प्यारेलाल, उमेंद्र निषाद, सुरेश ध्रुव, एवं पंचायत से पंच ललित ध्रुव, राधा बाई ध्रुव, ढुलुकराम यादव, कामिन ठाकुर, भारतीय जनता युवा मोर्चा से नागेंद्र ठाकुर आदि उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप



### साइकिल चलाने का दिया संदेश

**महासमुंद**। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेट्रोल-डीजल बचाने के लिए लोगों को अपील की है। मुकेश चंद्राकर ने कहा कि 40 साल पहले लोगों ने साइकिल चलते थे और भारत देश में पेट्रोल और डीजल बचाने का संदेश दिया है। लोगों को साइकिल चलाने के लिए जागरूक किया। मुकेश ने अपनी साइकिल पर सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को यह संदेश दिया है।



### युवाओं को स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने किया आह्वान

**महासमुंद**। जिले में युवाओं को उद्यमिता एवं नवाचार के लिए प्रेरित करने स्टार्टअप इंडिया एवं डीपीआईटी के अंतर्गत आयोजित एक दिवसीय टीईजेएएस कार्यशाला का आयोजन विगत दिवस होटल एकासिया इन में किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा शामिल हुए। इस अवसर पर जिले के युवा उद्यमियों, छात्र-छात्राओं एवं स्टार्टअप में रुचि रखने वाले प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि आज के दौर में नवाचार और स्टार्टअप आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव हैं। उन्होंने युवाओं से अपने विचारों को व्यवसायिक रूप देने तथा रोजगार सृजन की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी तथा जितेन्द्र चंद्राकर सहित जिले के उद्योगपति एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वहीं उद्योग संचालनालय से अमेय त्रिपाठी, उपसंचालक एवं महाप्रबंधक मोहन लाल साहू ने शासन की औद्योगिक एवं स्टार्टअप योजनाओं की जानकारी दी।

# ग्राफ्टेड टमाटर की खेती से मीना की आय में हुई सात गुणा वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



कहते हैं खेती में मेहनत के साथ यदि नई सोच और सही तकनीक जुड़ जाए, तो खेत भी सोना उगलने लगते हैं। जिले के पिथौरा विकासखंड अंतर्गत बरनाईदादर गांव की कृषक मीना पटेल ने इस कहावत को सच कर दिखाया है। पारंपरिक धान की खेती से आगे बढ़ते हुए उन्होंने आधुनिक उद्यानिकी खेती को अपनाया और ग्राफ्टेड टमाटर की खेती से सफलता हासिल की। मीना पटेल बताती हैं कि उनके पास कुल 4.13 हेक्टेयर सिंचित कृषि भूमि है। पहले वे मुख्य रूप से धान की खेती करती थीं, जिससे उन्हें सीमित आय प्राप्त होती थी। तभी उद्यान विभाग के अधिकारियों की सलाह पर उन्होंने वर्ष 2025-26 में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत ग्राफ्टेड बैगन एवं टमाटर प्रदर्शन योजना का लाभ लिया और एक एकड़ क्षेत्र में ग्राफ्टेड टमाटर की खेती शुरू की। खेती में आधुनिक तकनीकों जैसे ड्रिप सिंचाई एवं मल्चिंग का उपयोग किया गया, जिससे पानी की बचत के साथ फसल की गुणवत्ता और उत्पादन में भी वृद्धि हुई। विभाग द्वारा उन्हें 30 हजार रुपए का अनुदान प्रदान किया गया, जिससे उन्नत खेती को अपनाने में सहायता मिली।

# जिला साहू संघ में नई नियुक्तियां समाजजनों में उत्साह का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

- नवनियुक्त पदाधिकारियों माधव साव एवं नवीन कुमार साव ने जिला साहू संघ के जिलाध्यक्ष, वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं समाज जनों का आभार जताया





जिला साहू संघ महासमुंद के संगठन विस्तार एवं समाजहित में सक्रिय कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेदारियां सौंपते हुए माधव साव को जिला साहू संघ महासमुंद के किसान प्रकोष्ठ का जिला उपाध्यक्ष तथा नवीन कुमार साव को जिला प्रचार मंत्री (जिला मीडिया प्रभारी) नियुक्त किया गया है।

जिलाध्यक्ष ढालूराम साहू ने कहा कि समाज के सक्रिय, ऊर्जावान एवं सेवा भाव रखने वा ले कार्यकर्ताओं को संगठन में जिम्मेदारी देना समय की आवश्यकता है।

नवनियुक्त पदाधिकारियों माधव साव एवं नवीन कुमार साव ने जिला साहू संघ के जिलाध्यक्ष, वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं समाज जनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने जो विश्वास व्यक्त किया है, उस पर वे पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने समाज की एकता, संगठन की मजबूती एवं युवाओं को समाज सेवा से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य करने की बात कही।

# पेयजल उपलब्ध कराने मंत्री से मिलेंगे पालिका अध्यक्ष

## महासमुंद शहर में इंटेकवेल की क्षमता बढ़ाने की करेंगे मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



नगरवासियों को सुचारु एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शीघ्र ही प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री से मुलाकात करेंगे। इस दौरान वे नगर की बढ़ती आवश्यकता को देखते हुए इंटेक वेल की क्षमता बढ़ाने की मांग रखेंगे।

पालिका अध्यक्ष ने बताया कि गर्मी के मौसम में पेयजल की मांग बढ़ जाती है। नगर की वर्तमान एवं भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए जल स्त्रोतों को मजबूत करना जरूरी है। इसी उद्देश्य से इंटेकवेल की क्षमता वृद्धि का प्रस्ताव शासन स्तर पर रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर में नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने एवं नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

मंत्री से मुलाकात के दौरान नगर की पेयजल व्यवस्था से संबंधित आवश्यक समस्याओं एवं मांगों से भी अवगत कराया जाएगा। पालिका अध्यक्ष ने उम्मीद जताई कि शासन से शीघ्र स्वीकृति मिलने पर नगर की पेयजल व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी तथा नागरिकों को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराया जा सकेगा।

# नपाध्यक्ष ने बोर खनन कार्य का किया भूमिपूजन



**महासमुंद**। नगर पालिका अधिनस्थ पुराना सिविल लाइन स्थित वाहन पार्किंग परिसर में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं कर्मचारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बोर खनन कार्य का भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कर किया गया।

इस अवसर पर अध्यक्ष साहू ने कहा कि नगर पालिका के वाहन पार्किंग स्थल पर कार्यरत कर्मचारियों, वाहन चालकों तथा सफाई मित्रों को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। बोर खनन कार्य पूर्ण होने के बाद परिसर में जल समस्या का समाधान होगा तथा दैनिक कार्यों में सुविधा मिलेगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में पार्षद नीरज चंद्राकर, पूर्व पार्षद कपिल साहू, शहबाज़ राजवानी, वाहन प्रभारी सुरेश तिवारी, स्वच्छ भारत मिशन के नौशाद बक्श, नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# सौभाग्यवती महिलाओं ने की वटवृक्ष की पूजा अर्चना

## अक्षत सुहागन के लिए महिलाओं ने की वट वृक्ष की पूजा-अर्चना, महिलाओं में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी

- सुहागिन सजधज कर सोलह श्रृंगार कर वट वृक्ष के चारों ओर सात परिक्रमा लेते हुए रक्षा सूत्र बांध कर सुखद जीवन एवं पति के दीर्घायु होने की कामना की



ग्राम बिरकोनी में वट सावित्री पर्व शनिवार को चंडी मंदिर में भाव भक्ति के साथ मनाया। महिलाओं ने मां चंडी मंदिर, तालाब स्थित महामाया व शीतला, स्कूल में लगे वटवृक्ष की पूजा अर्चना की। घरों में पूजा का दौर सुबह से चलता रहा।

महिलाओं ने वट सावित्री पूजा अर्चना कर पति के दीर्घ आयु की कामना की। व्रत धारी महिलाओं की भीड़ शाम तक रही। घरों में पति की लंबी उम्र की प्रार्थना तथा सदा सुहागन रहने के लिए पति की दीर्घायु की कामना की। इस बार शनि जयंती भी इसी दिन मनाई गई।

यह त्यौहार खासकर उन महिलाओं के लिये विशेष फलदायी है, जिन्होंने नियम और निष्ठा से वट वृक्ष की पूजा की। वट सावित्री की पूजा बरगद की छांव तले मंदिर परिषद में सुहागिन महिलाओं द्वारा किया गया। सुखी वैवाहिक जीवन तथा पुत्र प्राप्ति के लिए भी पूजा की गई।

सुहागिन सजधज कर सोलह श्रृंगार कर वट वृक्ष के चारों ओर सात परिक्रमा लेते हुए रक्षा सूत्र बांध कर सुखद जीवन तथा अपने पति की लंबी उम्र की कामना की है। अमर सुहाग की सलामती के लिए सुंदर गीत गाकर आनंद उठाया। बूढ़ी माताओं द्वारा सावित्री सत्यवान की अमरकथा सुनाई। परंपरा के अनुसार वट वृक्ष पर भीगी हुई दाल का प्रसाद चढ़ाकर मंदिर में प्रसाद वितरण किया।

# खैरा में जय भोले महिला समिति की सुहागिन महिलाओं ने की वट सावित्री की पूजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम खैरा में ज्येष्ठ अमावस्या पर जय भोले महिला समिति के सुहागिन महिलाओं ने अखंड सौभाग्य, सुख-समृद्धि और पति की दीर्घायु के लिए रखा जाने वाला पारंपरिक वट सावित्री व्रत पूरी श्रद्धा, निष्ठा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जय भोले समिति की सुहागिन महिलाओं ने सोलह सिंगार कर पारंपरिक वेशभूषा में वट वृक्ष (बरगद) की सामूहिक पूजा-अर्चना की। शनिवार सुबह से ही क्षेत्र की गांव में व्रत को लेकर महिलाओं में भारी उत्साह देखा गया। ग्राम खैरा की महिलाएँ एकत्रित होकर वट वृक्ष के पास पहुंची, जहां उन्होंने पूरे विधि-विधान से भगवान सत्यवान और माता सावित्री का स्मरण किया।

पूजा के दौरान वट वृक्ष पर जल, मौली (कच्चा सूत), रोली, चंदन, भीगे हुए चने, अक्षत और मौसमी फल अर्पित किए गए। समिति के महिला सदस्यों द्वारा भजन कीर्तन का भी कार्यक्रम किया गया। पश्चात महिलाओं ने यमराज से अपने पति के प्राण वापस लाने वाली पतिव्रता सती सावित्री की पौराणिक कथा का श्रवण किया।

कथा श्रवण के बाद महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र और परिवार की खुशहाली की कामना करते हुए वट वृक्ष की परिक्रमा की और तने पर कच्चा सूत लपेटकर रक्षा सूत्र बांधा। पूजा संपन्न होने के बाद महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाकर सौभाग्य की बधाई दी और घर की बुजुर्गों का पैर छूकर आशीर्वाद लिया। समिति सदस्य दामिनी साहू ने कहा कि वट वृक्ष में त्रिदेव (ब्रह्मा, विष्णु और महेश) का वास माना जाता है। इसी वृक्ष के नीचे माता सावित्री ने अपनी पतिव्रत धर्म के बल पर यमराज को परास्त कर पति सत्यवान के प्राण वापस पाए थे। तभी से यह व्रत सुहाग की रक्षा के लिए सदियों से आस्था का प्रतीक बना हुआ है। इस अवसर पर दामिनी साहू, नेहा चंद्राकर, रानी चंद्राकर, कुलेश्वरी चंद्राकर, लक्ष्मी चंद्राकर, योगेश्वरी चंद्राकर, मीना चंद्राकर, आरती चंद्राकर, भारती चंद्राकर, कविता जलक्षत्री, खुशी जलक्षत्री, पार्वती जलक्षत्री, चित्रलेखा साहू, राकेश्वरी साहू, मेनका कन्नौजे आदि उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी कृष्ण कुमार साहू ने विज्ञप्ति में दी है।

### निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों की वास्तविक भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग

**महासमुंद**। पंचायती राज व्यवस्था में निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों की वास्तविक भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अशवंत तुषार साहू ने की है। उन्होंने पंचायत विभाग से एक स्पष्ट निर्देश जारी करने की मांग की हैं। तुषार ने कहा कि सरपंच पत्नी के कामकाज में पति दखल नहीं दें। पंचायतों में महिलाओं के लिए आरक्षण का उद्देश्य केवल औपचारिक प्रतिनिधित्व नहीं बल्कि उन्हें निर्णय प्रक्रिया का स्वतंत्र और प्रभावी हिस्सा बनाना है। सुनिश्चित की जाएगी उपस्थिति, ग्राम पंचायत, जनपद एवं अन्य पंचायत बैठकों में निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाएगी। किसी भी रिश्तेदार, प्रतिनिधि या अन्य व्यक्ति को उनके स्थान पर बैठक में भाग लेने की अनुमति नहीं देना चाहिए, ऐसा होने पर लापरवाही पर कठोर कार्रवाई किया जाए। फेस रिकॉग्निशन और बायोमीट्रिक अटेंडेंस जैसी तकनीकों का उपयोग कर उपस्थिति सत्यापित की जाए। विभाग ने पंचायत बैठकों और ग्राम सभाओं की कार्रवाई को सभासार पोर्टल, निर्णय ऐप तथा अन्य अधिकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म पर नियमित रूप से अपलोड करने के निर्देश दिए जाने चाहिए। ताकि कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बनी रहे और महिला प्रतिनिधियों की सक्रिय भूमिका दर्ज हो सके।



# लाफिनखुर्द में शनि जयंती पर हवन-पूजन श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, दिनभर आए भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लाफिनखुर्द में तालाब पार स्थित शनिदेव मंदिर में शनिवार को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ शनि जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विशेष हवन-पूजन, आरती एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। जिसमें गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

ग्राम के आदर्श युवा मित्र मंडल द्वारा स्थापित शनिदेव मंदिर में प्रतिदिन सुबह और शाम नियमित पूजा-अर्चना की जाती है, वहीं प्रत्येक शनिवार को विशेष पूजा का आयोजन होता है। शनि जयंती के अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिर पहुंचना शुरू हो गया था। भक्तों ने शनिदेव महाराज को तेल, फल एवं प्रसाद अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि और मंगल कामना की। आदर्श युवा मित्र मंडल के सदस्यों ने बताया कि इस मंदिर का निर्माण वर्ष 2021 में जनसहयोग से कराया गया था। तब से लगातार यहां शनि जयंती सहित विभिन्न धार्मिक आयोजनों का भव्य आयोजन किया जा रहा है।



# सोलह श्रृंगार कर पहुंची महिलाओं ने की पति की लंबी उम्र की कामना

**सरायपाली**। नगर सहित क्षेत्र में इस बार वट सावित्री व्रत पर शनिवार और अमावस्या का दुर्लभ संयोग बना। ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को सुहागिनों ने वट वृक्ष की विधिवत पूजा कर अपने पति के दीर्घायु व उत्तम स्वास्थ्य की कामना कर आर्शिवाद लिया। वट सावित्री व्रत के दिन सुहागिन महिलाओं में काफी उत्साह देखने को मिला। वट सावित्री व्रत में कुछ स्थानों पर वट पूजा के बाद सुहागिन महिलाओं ने एक-दूसरे को पूजन में प्रयोग होने वाले और सिंदूर का दान किया। ज्येष्ठ अमावस्या तिथि सूर्योदय से ही लगने और भीषण गर्मी के चलते सुहागिनें सुबह से ही वट वृक्षों और मंदिरों में जुट गईं। सोलह श्रृंगार कर पहुंची महिलाओं ने पति की लंबी उम्र, उत्तम स्वास्थ्य और अखंड सौभाग्य के लिए विधि-विधान से वट वृक्ष की पूजा की। हालांकि, पूजा का सिलसिला दिनभर चलता रहा। लेकिन, दोपहर की तपिश से बचने के लिए अधिकांश महिलाओं ने सुबह-सुबह ही व्रत पूरा कर लिया। तापमान 42 डिग्री के करीब पहुंचने के कारण महिलाओं ने इस बार पूजा का समय बदल दिया। अमावस्या तिथि सुबह से होने से मंदिरों और जहां-जहां वट वृक्ष मौजूद थे, वहां भोर से ही भीड़ जुटने लगी। महिलाओं ने खुद से ही वट वृक्ष के नीचे सावित्री-सत्यवान की स्थापना कर पूजा की। पूजा की थाल में भीगे चने, गुड़, मिष्ठान, फल, फूल, रोली, मौली, बांस का पंखा और लाल कपड़ा सजाकर महिलाएं पहुंचीं। वट वृक्ष को जल चढ़ाकर हल्दी-कुमकुम लगाया और कच्चे सूत से बांधकर परिक्रमा की। किसी ने 7, 11, 21 तो कई महिलाओं ने 108 बार वट वृक्ष के फेरे लगाए। हर परिक्रमा पर मूंगफली, सिक्का या नैवेद्य अर्पित कर मंगल कामना की गई। पूजा के बाद सुहागिनों ने एक-दूसरे सिंदूर का दान किया। यह परंपरा अखंड सौभाग्य और आपसी प्रेम का प्रतीक है।



# केंद्रीय विद्यालय में भारतीय भाषा समर कैंप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- भाषा के उच्चारण की बारीकियों पर चर्चा करते हुए उड़िया संस्कृति के बारे में बच्चों को बताया

केंद्रीय विद्यालय संगठन नई दिल्ली के निर्देशानुसार स्थानीय पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में संजय कंसल प्राचार्य के मार्गदर्शन एवं जितेंद्र कुमार चंद्राकर प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक गणित के संयोजन में भारतीय भाषा समर कैंप का शुभारंभ 13 मई 2026 किया गया।

कैंप का मुख्य उद्देश्य भारत वर्ष की विविध भाषा के समृद्धशाली इतिहास, संस्कृति, भाषा की उत्पत्ति आदि के बारे में जानकारी तथा बच्चो में भाषाई समझ विकसित करना है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में शिक्षाविद गोवर्धन प्रसाद प्रधान पूर्व प्राचार्य बलौदाबाजार सह सहायक संचालक उपस्थित थे। अतिथि परंपरा का निर्वहन करते हुए संजय कंसल द्वारा प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रधान द्वारा उड़िया भाषा के अक्षर, उच्चारण एवं व्याकरण की जानकारी प्रदान किया गया। भाषा के उच्चारण की बारीकियों पर चर्चा करते हुए उड़िया संस्कृति के बारे में बच्चों को अवगत कराया गया। विद्यार्थीयों ने इस कैंप का भरपूर आनंद लिया। आराध्या पाल ने अपने विचार रखते हुए कार्यकम के आयोजन के लिए केंद्रीय विद्यालय परिवार को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर अरुण नारायण यादव, तमन्ना नायक, राधिका साहू, शौर्य प्रताप सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र कुमार चंद्राकर ने किया।

